आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 21.09.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- पी एम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर कल महाराष्ट्र के वर्धा में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया—श्री विजयपुरम में आयोजित कार्यक्रम में दस लाभार्थियों को प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।
- जलयान एम वी शोम्पेन को मेडिकल शिप के रूप में पुनः परिवर्तित किया गया है—मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल इसका उद्घाटन किया।
- मध्योत्तर अंडमान में चल रही पंचायती राज संस्थान और जिला परिषद की आगामी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए जिला उपायुक्त दिलखुश मीन ने पंचायती राज संस्थान के इंजीनियरों के साथ बैठक की।
- विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय एक अक्तूबर से कार्य करना आरंभ कर देगा।

<><><><><><><>

पी एम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर कल महाराष्ट्र के वर्धा में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अट्ठारह लाभार्थियों को एक लाख रूपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने कई सेवाओं को ऑनलाइन जारी किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने परंपरागत कौशल को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमने पी एम विश्वकर्मा जैसी योजना शुरू की। इसकी मूल भावना है सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि।

श्री विजयपुरम में डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र और सांसद बिष्णु पद रे ने दस लाभार्थियों को प्रमाणपत्रों का वितरण किया। एक लाभार्थी शादीपुर निवासी अमरावती ने बताया कि योजना के तहत उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है और इससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

जलयान एम वी शोम्पेन को मेडिकल शिप के रूप में पुनः परिवर्तित किया गया है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल इस मेडिकल शिप का विधिवत उद्घाटन किया। जहाजरानी विभाग के स्टेज वन जेट्टी पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने कहा कि समर्पण और त्याग की भावना हो, तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलयान को मेडिकल शिप के रूप में परिवर्तित करने से जरूरतमंद लोगों को काफी सहयोग मिलेगा, जिन क्षेत्रों से मरीज नहीं आ पाते थे, वहां इसकी सेवाएं उपलब्ध रहेगी और आदिवासियों सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

जहाज़रानी निदेशक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में जहाजरानी के क्षेत्र मे काफी सुधार हुआ है। इस मेडिकल शिप में सोलह सामान्य मरीजों और चार स्ट्रेचर मरीजों के लिए व्यवस्था है। इसमें दो डॉक्टरों सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों की सेवाएं उपलब्ध रहेगी। धीरे–धीरे ऑपरेशन थिएटर भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये मेडिकल शिप अपनी पहली यात्रा में सोमवार को स्ट्रेट आइलैंड जाएगा, जहां अनिम्स के सहयोग से चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। इस मेडिकल शिप में आपातकालीन बेड के अलावा लघु ओ टी भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में चल रही पंचायती राज संस्थान और जिला परिषद की आगामी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीन ने पंचायती राज संस्था के इंजीनियरों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपायुक्त ने इंजीनियरों को चल रहे सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों के परामर्श से कार्यों की प्रगति में बाधा डालने वाले भूमि विवादों को सुलझाने को कहा। इसके अलावा, विभिन्न स्तरों पर लंबित अनुमानित कार्यो को जल्द मंजूरी देने के निर्देश जारी किए गए। उन्होंने सभी स्वीकृत कार्यों के लिए निविदाएं बुलाने में तेजी लाने का

भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी नागरिकों के लाभ के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराई।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय एक अक्तूबर से कार्य करना आरंभ कर देगा। यह नया कार्यालय पत्थरगड्ढा जंक्शन में विद्युत भवन के उप–संभागीय कार्यालय के दूसरे तले पर स्थापित किया गया है। इस साईट कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इस कार्यालय के माध्यम से नए कनेक्शन, बिलों का भुगतान और उनकी शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा। विद्युत विभाग की वेबसाइट में जाकर गाराचरमा साईट कार्यालय से जुड़ने वाले उपभोक्ता अपने खाता संख्या की जांच कर सकते हैं। पूछताछ या सहायता के लिए उपभोक्ता मेल पर या फोन सख्या– दो पांच शून्य दो पांच आठ पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कदमतला पुलिस ने हाल ही में बारह घण्टों के भीतर एक चोरी के मामले को सुलझाया है। ब्रूमवैली, के कदमतला निवासी ने अपने घर से सोने के आभूषणों की चोरी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, कदमतला पुलिस ने बीएनएस–दो हजार तेईस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और टीम गठित कर तुरंत गहन जांच शुरू की गई। अपराध स्थल का विस्तृत निरीक्षण करने पर, पुलिस ने संदिग्ध के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की। थाना अध्यक्ष एसआई पी.एम कृष्ण कुमार कदमतला के नेतृत्व में टीम ने अथक प्रयासों के बाद, भक्त रोड निवासी केशव मिस्त्री को सफलतापूर्वक पकड़ गया और चोरी की गई संपत्ति बरामद कर ली गई है। उधर, बिलिग्राउंड में एक हत्या के प्रयास के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली की बेटापुर निवासी आरोग्य स्वामी ने पारिवारिक विवादों के कारण अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया। पीड़ित को कई घाव आए, लेकिन राहगीरों के समय पर हस्तक्षेप के कारण उसे बचा लिया गया। अपराध के बाद, आरोपी हथियार के साथ पास के जंगल में भाग गया और गिरफ्तारी से बचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने ट्रैक करने के लिए तकनीकी खुफिया जानकारी और मानव इनपुट का लाभ उठाते हुए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस के अथक प्रयासों के बाद आरोपी को पंचवटी जंगल से

गिरफ्तार किया गया, जिसे बीएनएस, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। यह मामला रंगत पुलिस अधीक्षक की निगरानी में की गई।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की श्रेणीवार और विषयवार अंतिम योग्यता सूची आज जारी की जाएगी। परामर्श तेईस सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगी और नियमित कक्षाएं चौबीस सितम्बर से शुरू होगी। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे परामर्श के दिन अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें।

<><><><><><><>